| Publication: Jan Hitaishi | Edition: Ahmedabad |
|---|---|
| Date: September 20, 2016 | Page: 4 |

# एचपीएल इलेक्ट्रिक ऐंड पावर लिमिटेडः इनिशियल पब्लिक ऑफर गुरूवार, 22 सितंबर, 2016 को खुलेगा

## प्राइस बैंड 175 रु. प्रति इक्विटी शेयर से लेकर 202 रु. प्रति इक्विटी शेयर के बीच तय

अहमदाबाद, 19 सितंबर, 2016: एचपीएल इलेक्ट्रिक ऐंड पावर लिमिटेड ("कंपनी") 175 रु. प्रति इक्विटी शेयर से 202 रु. प्रति इक्विटी शेयर के प्राइस बैंड पर नकद रूप से 10 रु. अंकित मूल्य के कुल 3,610 मिलियन रु. तक के इक्विटी शेयर्स ("इक्विटी शेयर्स") का इनिशियल पब्लिक ऑफर गुरूवार, 22 सितंबर, 2016 को खोलने का प्रस्ताव करती है ("इश्यू")। यह इश्यू सोमवार, 26 सितंबर, 2016 को बंद होगा। न्यूनतम 70 इक्विटी शेयर्स और इसके बाद 70 इक्विटी शेयर्स के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।

इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (''बीआरएलएम'') एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड हैं।

कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से सेबी आईसीडीआर विनियमनों के अनुसार एंकर निवेशकों की भागीदार पर विचार कर सकती है। एंकर निवेशकों की बोली लगाने की तिथि बिड/इश्यू खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व होगी।

इस ऑफर के जरिए उपलब्ध कराये गये इक्विटी शेयर्स नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") और बीएसई लिमिटेड (बीएसई) पर सूचीबद्ध किये जाने के लिए प्रस्तावित हैं।

यह ऑफर सेबी विनियमन, 2009 यथा-संशोधित के नियम 26(1) के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें नेट इश्यू का 50 प्रतिशत हिस्सा आनुपातिक आधार पर पात्र संस्थागत बोलीदाताओं (क्यूआईबी) को उपलब्ध कराया जायेगा,